भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **958** जिसका उत्तर

मंगलवार, **11 फरवरी, 2025** (**22 माघ**, **1946** (शक)) को दिया जाना है

नागपट्टिनम पत्तन का विकास

958 श्री एस. कल्याणसुन्दरम :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नागपट्टिनम पत्तन के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) नागपट्टिनम पत्तन की क्षमता का उन्नयन करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2020 से इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित और वितरित की गई है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सागरमाला योजना के तहत 100% वित्त पोषण के साथ 10.47 करोड़ रु. के अनुमानित लागत पर 'नागपट्टिनम (भारत) से कांकेसंथुराई (श्रीलंका) तक यात्री फेरी सेवा हेतु नागपट्टिनम पत्तन अवसंरचना के उन्नयन' वाली परियोजनाओं को शुरू किया है।

इसके अतिरिक्त, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नागपट्टिनम पत्तन में यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) को 8 करोड़ रु. का अनुदान सहायता प्रदान की है। विदेश मंत्रालय नागपट्टिनम पत्तन प्रचालनों से संबंधित व्यय को पूरा करने तथा दिनांक 14 अक्तूबर, 2023 को अधिकारिक रूप से नागपट्टिनम, भारत और कांकेसंथुराई, श्रीलंका के बीच शुरू की गई फेरी सेवा के संबंध में अगस्त, 2024 से सुरक्षा कर्मी की तैनाती के लिए टीएनएमबी को 70.28 लाख रु. की व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण भी प्रदान कर रहा है।

****